CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-53
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

दुनिया में हर इंसान अलग है। इसलिए जो जैसा है, उसे वैसा ही स्वीकार करना सीखें!!

बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, गुरुवार, 30 मई 2024

उत्सव के रूप में किया गया अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता अभियान का आयोजन

विद्यालय के 68 बच्चों ने भाग लिया

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

शिवहर, शिवहर आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरियानी के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छतौनी, तरियानी, शिवहर में अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता अभियान का आयोजन उत्सव के रूप में किया गया ।

जिसमें जिसमें विद्यालय के 68 बच्चों ने भाग लिया। इस अभियान में बच्चों को माहवारी स्वच्छता के बारे में स्वास्थ्य कर्मी एवं पिरामल प्रतिनिधियों के द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया एवं क्विज कंपटीशन करवाया गया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं पिरामल प्रतिनिधियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

इस मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड लेखपाल, भीवीडीएस, सीएचओ, काउंसलर, एएनएम, यूनिसेफ बीएमसी, पीरामल फाउंडेशन से जिला लीड, प्रोग्राम लीड एवं विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य उपस्थित रहे।

दरवाजे पर खड़ी महिला को ट्रक ने मारी ठोकर

एक की मौत- एक घायल

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

शिवहर, शिवहर तरियानी थाना क्षेत्र के छतौनी पंचायत के बिंदी बिशनपुर गांव में दरवाजे पर खड़ी दो महिला को एक ट्रक ने जबरदस्त ठोकर मार दी ,जिससे एक महिला की मौत हो गई वहीं दूसरी महिला जीवन मौत से जूझ रही है।

मृतक के परिजन ने बताया है कि छतौनी पंचायत के वार्ड नंबर 13 निवासी कमलेश महतो की 30 वर्षीय पत्नी ममता कुमारी की मौत ट्रक की ठोकर से हो गई है ।वहीं दूसरी महिला तकरीबन 65 वर्षीय कोशिला खातून पति हनीफ मियां घायल हो गई है जिसका इलाज सरोजा सीताराम सदर अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया है। मृतक महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया गया है कि सुबह 4ः00 बजे भोर में दोनों पड़ोस की महिला दरवाजे पर खड़ी थी तभी मुजफ्फरपुर की दिशा से आ रही तेज रफ्तार की ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे एक महिला की मौत हो गई दूसरा का इलाज जारी है।

भीषण गर्मी से दर्जनों छात्राएं बेहोश स्कूलों में मची अफरा-तफरी

परिजनों ने केके पाठक के खिलाफ की नारेबाजी

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

पटना, बिहार में भीषण गर्मी के बावजूद इस बार स्कूलों में छुट्टी नहीं हुई है. ऐसे में कई बच्चे लगातार लू की चपेट में आ रहे हैं. बुधवार को मध्य विद्यालय मनकोल में एक के बाद एक दो दर्जन छात्राएं बेहोश होकर विद्यालय परिसर में गिरने लगी. घटना के बाद विद्यालय प्रशासन के हाथ-पैर फूलने लगे. फौरन इसकी सूचना ग्रामीणों को दी गई. आनन-फानन में सभी को सदर अस्पताल लाया गया. वहीं, गुस्साए ग्रामीणों ने मनकौल गांव के पास चांदी जाने वाली मुख्य सड़क को जाम कर दिया.घटना के संबंध में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि सुबह बच्चे बिना कुछ खाए स्कूल चले गए थे. 2 घंटे बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली. जब हमलोग स्कूल पहुंचे तो बच्चों को विद्यालय परिसर में बेहोश की हालत में देखा. कई बच्चे जोर-जोर से रो रहे थे. एंबुलेंस के लिए सरकारी नंबर पर कॉल किया गया तो फोन रिजेक्ट कर दिया गया, जिस वजह से ग्रामीणों ने वैकल्पिक व्यवस्था की और सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया.ग्रामीणों में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के खिलाफ नाराजगी देखने को मिली. लोगों ने जमकर नारेबाजी की. उनका कहना है कि कल से हमलोग स्कूल का बहिष्कार करेंगे और अपने-अपने बच्चों को स्कूल नहीं जाने देंगे. आक्रोशित ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से गर्मी की छुट्टी देने की मांग उठाई है.



केके पाठक ने कहा

गर्मी उफान पर है बच्चों पर दया करें

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

शिवहर, शिवहर जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। जिले में आज बुधवार को भी भयंकर गर्मी रहने के कारण सड़कें सन्नाटा हो चुकी है। जरूरतमंद लोग घर से बाहर निकल रहे हैं ।आसमान से आग बरस रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए लोग घर से बाहर निकलने को मजबूर है। तापमान 44 डिग्री के लगभग है। बच्चे इतने कड़ाके की धूप में स्कूल से घर लौट रहे हैं। गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित किया है ।लोग पसीने से तर-वितर दिख रहे हैं। गर्मी में भी स्कूल जाने की विवशता से बच्चे परेशान है। गर्मी की वजह से हाईवे पर भी पसरा हुआ है सन्नाटा।

पटना हाइकोर्ट ने बिहार शिक्षक भर्ती TRE 3 पर लगाई रोक

बीपीएससी अगले महीने लेने वाली थी परीक्षा

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

पटना, इस वक्त बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां पटना हाईकोर्ट ने बीपीएससी बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा ज्ञ्रक्ष्र 3 पर फिलहाल रोक लगा दी हाई. बता दें, बीपीएससी ने TRE 3 में कुल 87722 पदों पर बहाली निकाली थी. पहली बार प्रश्न पत्र लीक को लेकर मार्च में परीक्षा रद्द हुई थी. वहीं अब री एग्जाम से पहले पटना हाइकोर्ट ने स्टे लगा दिया है.

वहीं पटना हाईकोर्ट ने प्लस 2 स्कूल के गेस्ट टीचर के वेटेज देने के मामले पर भी स्टे लगाया है. कोर्ट ने प्रत्येक साल के आधार पर 5 मार्क्स और 5 साल के आधार पर अधिकतम 25 मार्क्स वेटेज देने का आदेश

दिया है. न्यायालय ने कहा कि पिछड़ा और अति पिछड़ा विभाग के शिक्षकों को वेटेज मिल रहा है. बीपीएससी की शिक्षक बहाली में इन्हें प्रत्येक साल के आधार पर 5 मार्क्स का वेटेज मिल रहा है.कोर्ट ने कहा कि दोनों शिक्षक हैं और दोनों पढ़ाने का काम करते हैं. शिक्षा विभाग के गेस्ट टीचर को भी वेटेज मिलना चाहिए. बता दें, इस संबंध में गेस्ट टीचर्स ने पटना हाईकोर्ट से गुहार लगाई थी, जिसके बाद कोर्ट ने शिक्षा विभाग के गेस्ट टीचर को भी वेटेज देने का आदेश दिया है. बता दें, ज्ञ्रक्ष्र-3 में कुल सवा 5 लाख अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरा है. बीपीएससी 20 जून से परीक्षा लेने पर विचार कर रहा था. बीपीएससी की ओर से तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति के लिए 15 मार्च को दोनों पालियों में परीक्षा ली गई थी. इसका पेपर लीक हो गया था. इस दौरान पाया गया कि हजारीबाग के एक होटल के कई कमरों के अलावा मैरिज हॉल में 270 से अधिक अभ्यर्थियों को बैठक प्रश्न पत्र का उत्तर रटवाया जा रहा था. मौके से जब् किए गए प्रश्न पत्र का मिलान बीपीएससी कार्यालय से प्राप्त प्रश्न पत्र से कराया गया, जो हूबहू पाया गया था.

मोहम्मद लालू प्रसाद यादव भी बन जाएं फिर भी फायदा नहीं होगा

सम्राट चौधरी का आरजेडी सुप्रीमो पर तंज

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

बिहार में अंतिम चरण के मतदान को लेकर लगातार चुनाव प्रचार चल रहा है. मंगलवार को लालू प्रसाद यादव ने अपनी बेटी मीसा भारती के लिए चुनाव प्रचार किया और पटना के फुलवारी क्षेत्र में कई मुस्लिम मोहल्ले में संपर्क यात्रा किया. फुलवारी शरीफ की इमारत-ए-शरिया में मुस्लिम धर्म गुरु से मुलाकात की. इसको लेकर बिहार में लगातार सियासत जारी है. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद यादव अगर मोहम्मद लालू प्रसाद भी बन जाएंगे फिर भी बिहार में एक सीट पर भी खाता नहीं खुलने वाला है. जिस तरह से पिछले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल को बिहार से एक भी सीट नहीं मिला था, इस बार भी राजद का वही हाल होने वाला है. बिहार की जनता पूरी तरह से नरेंद्र मोदी के साथ है और कहीं ना कहीं बिहार की जनता लगातार नरेंद्र मोदी के चेहरे पर वोटिंग कर रही है.

दरअसल लालू यादव मंगलवार को सबसे पहले फुलवारी शरीफ के इमारत-ए-शरिया पहुंचे थे, जहां उन्होंने नाजिम इमारत -ए-शरिया मौलाना शिबली कासमी से मुलाकात की. इमारत-ए-शरिया के बाद लालू यादव खानकाह मुजीबिया पहुंचे, जहां उन्होंने मौलाना मो. मिनाहजुद्दीन कादरी से भेंट की.फिर लालू ने पीर साहब हजरत मौलाना आयतुल्लाह कादरी से मुलाकात की. इस दौरान लालू टोपी पहने हुए थे. इसको लेकर सियासत चरम पर है.

पटना के अपार्टमेंट के 9वें तल्ले पर लगी भीषण आग

मची अफरातफरी, 20 फायर ब्रिगेड गाड़ियां पहुंची

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

पटना, पटना के फ्रेजर रोड स्थित सूर्या अपार्टमेंट के 9वें तल्ले पर बुधवार (29 मई) की शाम भीषण आग लग गई. अचानक आग लगने के बाद फ्लोर पर अफरातफरी मच गई. कुछ ही मिनट में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. आनन-फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर एक-एक कर दमकल की 20 गाड़ियां पहुंच गईं. इसके बाद आग को बुझाने का प्रयास किया गया. घटना में किसी के हताहत की खबर नहीं है.घटनास्थल पर अग्निशमन विभाग के कई अधिकारी, विधि व्यवस्था डीएसपी सहित पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे हैं. आग कैसे लगी है इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है. माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी.शीशा तोड़कर निकला एक व्यक्ति घटना के संबंध में अग्निशमन के डीआईजी मृत्युंजय कुमार चौधरी ने बताया कि राहत बचाव का कार्य जारी है. बताया कि मौके पर 20 दमकल की गाड़ियां मौजूद हैं. किसी की जान जाने की अब तक कोई सूचना नहीं है. अपार्टमेंट के सभी लोगों को बाहर निकाला गया है. आग पर काबू पा लिया गया है. यह भी कहा कि अग्निशमन की दो हाइड्रोलिक गाड़ियां भी हैं. एक व्यक्ति घायल है जो शीशा तोड़कर निकल है. रिहायशी इलाके में हुई है यह घटना बता दें कि जिस बिल्डिंग में आग लगी है उसमें विश्व संवाद केंद्र भी है. पटना दूरदर्शन के सामने यह अपार्टमेंट है. बताया जाता है कि जिस इलाके में यह घटना हुई है वह रिहायशी है. पास में ही मौर्या होटल और यूथ हॉस्टल भी है. अपार्टमेंट के बगल में पूर्व केंद्रीय मंत्री सीपी ठाकुर का भी आवास है. फिलहाल घटना के पीछे की वजह क्या है यह जांच के बाद पता चलेगा. अधिकारियों का कहना है कि पहले आग पर काबू पा लिया जाएगा उसके बाद जांच की जाएगी.

मासूम भतीजियों के साथ-साथ पूरे परिवार को किया खत्म, 8 की मौत

शख्स के सिर पर नाची मौत

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से दिल दहला देने वाली खबर है. जिले के तामिया के पास बोदल कछार में एक युवक ने अपने परिवार के 8 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है. उसने मासूम भतीजियों, बहन और 8 दिन पहले ब्याहकर आई पत्नी को भी नहीं छोड़ा. उसने एक-एक करके सभी को कुल्हाड़ी से काट दिया है. उसके बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना बोदल कछार में 28-29 मई की देर रात की है. सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. पुलिस ने शव जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं. फोरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य जुटा रही है.

4 जून के बाद सिंगापुर या इटली चले जाएंगे तेजस्वी

संजय जायसवाल का दावा- रिजल्ट देखकर अस्पताल की जरूरत पड़ेगी

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

पश्चिम चंपारण सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संजय जायसवाल ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पलटने की संभावना जताई थी. बीजेपी नेता ने कहा कि 4 जून के बाद तेजस्वी यादव भारत में रहेंगे या छुट्टी मनाने सिंगापुर चले जाएंगे, वह इस बात की चिंता करें. इसके साथ ही जायसवाल ने कहा कि जो स्थिति अभी है, उसके बाद रिजल्ट देखकर सचमुच में उनको अस्पताल की जरूरत पड़ेगी.वहीं, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव की ओर से योगी आदित्यनाथ को लेकर दिए बयान पर भी संजय जायसवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि जिस तरह से अपहरणकर्ताओं और हत्यारों को राष्ट्रीय जनता दल सहयोग करता रही है, वैसे में योगी आदित्यनाथ को ये लोग कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं. योगी से तो अपराधी खौफ खाते हैं.

शिवहर के कस्तूरबा विद्यालय में महावारी दिवस मनाया गया

प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, पीरामल फाउंडेशन से जिला लीड व अन्य लोग शामिल रहे

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ । शिवहर, शिवहर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराही के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पिपराही, जिला शिवहर में अंतरराष्टीय माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन उत्सव के रूप में स्वास्थ्य विभाग एवं पिरामल टीम के सहयोग से किया गया। जिसमें विद्यालय के 35 बच्चों ने भाग लिया। इस अभियान में बच्चों को माहवारी स्वच्छता के बारे में स्वास्थ्य कर्मी एवं पिरामल प्रतिनिधियों के द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया एवं क्विज प्रतियोगिता करवाया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं पिरामल प्रतिनिधियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।